हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
10 अप्रैल 2024, समय 1305

निर्वाचन आयोग ने भारतीय जनता पार्टी की हेमा मालिनी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने पर कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को नोटिस जारी किया है।
सुरजेवाला को 11 अप्रैल, शाम 5 बजे तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। आयोग ने सुरजेवाला की टिप्पणी को अमर्यादित, अभद्र एवं असभ्य बताते हुए कहा कि यह हेमा मालिनी और एक महिला जनप्रतिनिधि की गरिमा का अपमान है।

....

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गुरूग्राम नगर आयुक्त और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस गत 3 अप्रैल को दो साल के बच्चे के 12 फीट गहरे खुले मेन होल में गिरने से हुई मृत्यु के मामले में दिया गया है । आयोग ने इस घटनाक्रम पर दोनों विभागों से चार सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग ने इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी, पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई और मृतक के परिजनों को दिये गये किसी भी मुआवजे के बारे में जानकारी मांगी है।
आयोग ने मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि यह मानवाधिकार के उल्लंघन का एक गम्भीर विषय है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बच्चे को डेढ घंटे बाद बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

....

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश में कुछ स्थानों पर बीजेपी-जेजेपी नेताओं व उम्मीदवारों के विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रजातंत्र में सबको वोट मांगने का अधिकार है। उन्होनें जनता से अपील कि इस नाराजगी व गुस्से का इजहार वोट से करें न कि उम्मीदवारों का विरोध करें।
श्री दीपेंद्र हुड्डा कल रोहतक के गांधी कैंप में प्रचार के दौरान बोल रहे थे। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने अभी रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पत्रकारों से बातचीत में श्री दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक गरिमाओं में रहकर ही जनता को गुस्से का इजहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेजेपी का हरियाणा में कोई जनाधार नहीं बचा है।
वहीं, एक सवाल के जवाब में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को लेकर मंथन चल रहा है और सही समय पर फैसला हो जाएगा।

....

पंचकूला जिले की मंडियों में अब तक 548 टन सरसों की खरीद की गई है और 383 टन सरसों का उठान किया गया।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि 548 टन सरसों में से 344 टन सरसों की खरीद रायपुरानी अनाज मंडी से और 204 टन बरवाला अनाज मंडी से की गई। इसी प्रकार हैफेड द्वारा 383 टन सरसों का उठान किया गया, जिसमें से 185 टन सरसों रायपुररानी अनाज मंडी से तथा 198 टन बरवाला अनांज मंडी से उठाई गई।

....

पलवल अनाज मंडी में अभी तक 1 लाख 68 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की गई।

मार्किट कमेटी के सचिव मनदीप सिंह ने बताया कि मंडी में गेहूं की खरीद हरियाणा भंडारण निगम और खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा की जा रही है।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे फसल को सुखाकर मंडी में लेकर आए ताकि फसल का उचित मूल्य मिल सके।

....

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जून सत्रांत परीक्षाओं के लिए असाइनमेंट जमा करने की समय सीमा 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। करनाल में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने यह जानकारी दी। उन्होनें बताया कि विद्यार्थी रविवार के दिन अपने अध्ययन केंद्र पर जाकर असाइनमेंट्स जमा करवा सकते है।

उन्होंने बताया कि इग्नू जून सत्र की परीक्षाएं पहली जून से शुरू होंगी, जिसके लिए परीक्षा फॉर्म 22 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भरा जा सकता है।

....

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सेल्फी प्वाइंट के पास सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक हों और मतदाताओं की संख्या बढ़े।

उन्होंने कहा कि मतदान, हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। मतदान लोकतंत्र में प्रत्यक्ष भागीदारी का अवसर प्रदान करता है। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि लोगों की, अपने मताधिकार का प्रयोग करने में जितनी अधिक भागीदारी होगी, लोकतंत्र उतना ही मज़बूत होगा।

उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी भागीदारी ज़रूरी है। प्रो. दिनेश कुमार ने उम्मीद जताई कि युवा मतदाता इस अभियान की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से सेल्फी प्वाइंट पर आकर सेल्फी लेने और इस अभियान को सफल बनाने की अपील की।

....